# दुनिया में देव हजारों हैं | By Jai Shankar Chaudhary |

दुनिया में देव हजारों हैं
बजरंगबली का क्या कहना
इनकी शक्ति का क्या कहना
इनकी भक्ति का क्या कहना
दुनिया में देव हजारों हैं
बजरंगबली का क्या कहना

ये सात समुंदर लाँघ गए
ये गढ़ लंका में कूद गए
रावण को डराना क्या कहना
लंका को जलाना क्या कहना
इनकी शक्ति का क्या कहना
इनकी भक्ति का क्या कहना
दुनिया में देव हजारों हैं
बजरंगबली का क्या कहना

जब लक्ष्मण जी बेहोश हुए
संजीवनी बूटी लाने गए
पर्वत को उठाना क्या कहना
लक्ष्मण को जिलाना क्या कहना
इनकी शक्ति का क्या कहना
इनकी भक्ति का क्या कहना
दुनिया में देव हजारों हैं
बजरंगबली का क्या कहना

बनवारी इनके सीने में
सियाराम की जोड़ी बैठी है
ये राम दीवाना क्या कहना
गुण गाए ज़माना क्या कहना
इनकी शक्ति का क्या कहना
इनकी भक्ति का क्या कहना
दुनिया में देव हजारों हैं
बजरंगबली का क्या कहना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%b9%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-j/